मो0 नं0 : 9473942736

# अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय

उत्तर प्रदेश जल निगम, (ग्रामीण) कानपुर देहात।

पत्रांक 5294 / डब्लू–52 / 74 दिनांक 04/06/2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण)
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)
लखनऊ।

विषयः– ई0 पेपर दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला के दिनांक 04.06.2026 के संस्करण में प्रकाशित खबर ''छः माह से अधिक समय से रूका है पानी की टंकी का काम'' के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक **ई0 पेपर दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला के दिनांक 04.06.2026 के संस्करण में प्रकाशित खबर ''छः माह से अधिक समय से रूका है पानी की टंकी का काम''** के सन्दर्भ में अवगत कराना है कि ग्राम पंचायत अन्दाया विकास खण्ड अकबरपुर जनपद कानपुर देहात के के अन्तर्गत कार्यदायी संस्था मैं0 वी0एस0ए0–एस0सी0एल0 लि0 के द्वारा जिसकी अनुमानित लागत रू0 306.39 लाख है योजना का निर्माण कार्य कराया जा रहा है, उक्त योजना में 02 नग राजस्व ग्राम इकघरा एवं अन्दाया सम्मिलित है। योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत अन्दाया में सम्मिलित नलकूप एवं बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कार्य पूर्ण है, सोलर पैनल का निर्माण कार्य अपूर्ण, पम्प हाउस का निर्माण कार्य अपूर्ण, अवर जलाशय का वाटम डोम तक कार्य पूर्ण तथा वितरण प्रणाली में 9.00 कि0मी0 के सापेक्ष 8.93 कि0मी0 पाइप लाइन बिछायी गयी है एवं हाउस कनेक्शन 612 नग के सापेक्ष 450 नग जल संयोजन स्थापित किये गये है। अवशेष हाउस कनेक्शनों का कार्य प्रगति पर है।

साथ ही यह भी अवगत कराना है कि विगत् एक वर्ष से धनावंटन न होने के कारण कार्य अवरूद्व थे। वर्तमान में धनावंटन होने के उपरान्त जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे पाइप पेयजल योजनाओं पर नामित समस्त कार्यदायी संस्था को तीव्र गति से कार्य कराने हेतु निर्देशित किया गया है, निर्देशों के क्रम में कार्यदायी संस्था द्वारा सन्दर्भित पेयजल योजना पर 01 सप्ताह के अन्दर कार्य प्रारम्भ कराने हेतु संस्था के परियोजना प्रबन्धक श्री वामसी कृष्णा के द्वारा आश्वस्त किया गया है। सादर सूचनार्थ एवं अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

भवदीय

अधिशासी अभियन्ता

**पृ0सं0 / डब्लू–52 /** दिनांक........................

**प्रतिलिपिः–**

1. जिला सूचना अधिकारी, कानपुर देहात को सादर अवलोकनार्थ।

अधिशासी अभियन्ता

# अंदाया ग्राम पंचायत में छह माह से बंद है पानी की टंकी का काम

## पांच सौ घरों में पाइप लाइन से जल्द जलापूर्ति की आस लगाए थे ग्रामीण

संवाद न्यूज एजेंसी

रूरा। अकबरपुर ब्लॉक में अंदाया ग्राम पंचायत में तीन साल से पेयजल योजना अधूरी है। टंकी का काम भी छह माह से अधिक समय से रुका है। गर्मी में अधूरी टंकी लोगों को मुंह चिढ़ा रही है। पेयजल किल्लत से लोग परेशान हैं।

जल जीवन मिशन के तहत हर घर में नल से जल योजना में अंदाया में 2.30 करोड़ रुपये से पेयजल योजना को मंजूरी मिली है। कार्यदायी संस्था एससीएल ने वर्ष 2023 में पाइप लाइन डालने व टंकी बनाने का काम शुरू कराया था। करीब 500 घरों में पाइप लाइन से जल्द जलापूर्ति की आस में लोग खुश थे लेकिन काम की सुस्ती से तीन साल में भी टंकी बनकर तैयार नहीं हो सकी है।

पाइप लाइन डालने के बाद कनेक्शन करा दिए गए लेकिन जलापूर्ति नहीं कराई जा सकी है। गर्मी में पेयजल किल्लत व अधूरी टंकी ग्राम पंचायत अंदाया, मजरे इकधरा, कुरियन पुरवा, टम्पूपुरवा व न्यू अंदाया की करीब पांच हजार आबादी को मुंह चिढ़ा रही है।

ग्राम प्रधान प्रशांत मोहन ने बताया कि गर्मी में पानी की समस्या है। हर दिन लोग शिकायत लेकर आते हैं सवाल करते हैं कि टंकी कब पूरी होगी। जल निगम के अधिकारियों से कई बार तेजी से काम कराने को कहा गया लेकिन कार्यदायी संस्था के ठेकेदार सुनते नहीं हैं। टंकी बनाने का काम अधूरा छोड़कर काम बंद है। जल निगम के एक्सईएन टीकाराम कटारिया ने बताया कि शासन स्तर से भुगतान की समस्या थी। पिछले दिनों की शासन से बजट जारी हुआ है। कार्यदायी संस्था के लंबित बिलों का भुगतान किया गया है। जल्द काम शुरू कराया जाएगा। इसके लिए कार्यदायी संस्था के जिला प्रतिनिधि व्योम श्रीकृष्णा को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

### अंदाया में तीन साल से चल रहा काम, मुंह चिढ़ा रही अधूरी टंकी



अंदाया में बनी अधूरी टंकी व रुका निर्माण कार्य। संवाद

# टंकी का वाल्व खराब बहकर बर्बाद हो रहा पानी

अमरौधा। नगर में टेंडन बाजार स्थित पानी की टंकी का वाल्व खराब हो गया है। तीन माह से अमूल्य जल बहकर बर्बाद हो रहा है। जानकारी होने के बाद भी जिम्मेदार वाल्व नहीं बदलवा सके हैं।

अमरौधा नगर पंचायत कार्यालय के ठीक बगल में जलकल परिसर है। इसी परिसर में टंकी बनी है। करीब तीन माह पहले वाल्व खराब हो गया था। इसके बाद से लगातार पानी बह रहा है।

इससे टंकी परिसर में बर्बाद हो रहे पानी से कीचड़ हो रहा है। फिसलन होने से कई बार लोग गिरकर चुटहिल हो चुके हैं। ईओ नीति त्रिपाठी ने बताया कि वाल्व दुरुस्त कराने के लिए पूर्व में इसका टेंडर किया गया था जो कैंसिल हो गया था। अब दोबारा टेंडर किया गया है। टेंडर कल खुलेगा। बहुत जल्द ही वाल्व बदलने और खामी दुरुस्त कराई जाएगी। (संवाद)




अमरौधा में पानी टंकी के लीकेज वाल्व से बहता पानी। संवाद

### फिसलन के चलते गिर रहे हैं लोग



पानी बहने से कई बार लोग फिसलन की वजह से गिर चुके हैं। ठीक बगल में नगर पंचायत कार्यालय है लेकिन कोई सुध नहीं ले रहा है। - विष्णु।

### शिकायत की लेकिन सुनवाई नहीं हुई



कई बार नगर पंचायत कार्यालय में शिकायत की। एक-दो दिन में सही कराने का आश्वासन मिला लेकिन तीन माह बीत गए।

- कैलाश गुप्ता